नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

मो.9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                 दिनांक 02.12.2019

## प्रकाशनार्थ

### राष्ट्रीय प्रदूषण नियन्त्रण दिवस

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज राष्ट्रीय प्रदूषण नियन्त्रण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में श्रीमती साधना सिंह ने बताया कि भारत में प्रत्येक वर्ष 2 दिसम्बर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन लोगो की स्मृति एवं उन्हें श्रद्धांजली देने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवा दी थी। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक आपदा के प्रबन्धन और नियंत्रण के जागरुकता फैलाना तथा प्रदूषण रोकने के लिए प्रयास करना है।

भोपाल गैस त्रासदी में लाखों लोगों की मृत्यु हो गयी थी। ये पूरे विश्व के इतिहास की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदूषण आपदा के रूप में जाना जाता है। हर साल राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाने के प्रमुख कारकों में से एक औद्योगिक आपदा के प्रबन्धन और नियंत्रण के साथ ही पानी, हवा और मिट्टी के प्रदूषण की रोकथाम है। सरकार द्वारा प्रदूषण को गम्भीरता से नियंत्रण करने और रोकने के लिए बहुत से कानून की घोषणा की गयी। अन्त में इस त्रासदी में जान गवाँने वाले लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

**(डॉ. राहुल मिश्रा)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी